लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4020
दिनांक 17.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के तहत लाभार्थी

4020. श्री करण भूषण सिंहः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के लघु समूह विकास कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थी समूहों का जिला-वार ब्यौरा और संख्या कितनी है;
(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में अन्य हथकरघा क्षेत्रों के एक्सपोजर दौरों के लिए बुनकरों को वित्तीय सहायता के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में बनाए गए और निर्माण प्रक्रियागत व्यक्तिगत वर्कशेड और सामान्य वर्कशेड का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान वस्त्र डिजाइनरों की भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश राज्य निदेशालय द्वारा आमंत्रित किए गए आवेदनों का जिला-वार ब्यौरा और संख्या कितनी है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्री गिरिराज सिंह)

(क) से (ग): लघु क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एससीडीपी) जोकि राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के एक घटक के रूप में है, राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों की सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, उत्तर प्रदेश राज्य सहित देश भर में उन्नत करघे और सहायक उपकरण, वर्कशेड के निर्माण, सोलर लाइटिंग यूनिट्स, उत्पाद और डिजाइन विकास आदि जैसे विभिन्न इंटरवेंशन्स के माध्यम से आवश्यकता आधारित वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त होने पर, पिछले तीन वर्षों के दौरान 4149 लाभार्थियों को कवर करते हुए 34 एससीडीपी के लिए 1455.64 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में जिलेवार सहायता प्राप्त एससीडीपी की संख्या, कवर किए गए लाभार्थी, एक्सपोज़र विजिट के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों, निर्मित और निर्माण की प्रक्रिया वाले व्यक्तिगत वर्कशेड की संख्या अनुबंध-I में दी गई है।

(घ): पिछले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश राज्य निदेशालय द्वारा टेक्सटाइल डिज़ाइनरों की भर्ती के लिए जिले-वार आमंत्रित आवेदन पत्रों का ब्यौरा और संख्या अनुबंध-II में दिए गए हैं।

अनुबंध I

पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में जिलेवार सहायता प्राप्त एससीडीपी की संख्या, कवर किए गए लाभार्थी, एक्सपोज़र विजिट के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों, निर्मित और निर्माण की प्रक्रिया वाले व्यक्तिगत वर्कशेड की संख्या

क्र. सं.	जिले का नाम	स्वीकृत क्लस्टरों की संख्या	कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या	एक्सपोजर विजिट के लिए आवंटित निधि (लाख रु. में)	एक्सपोजर विजिट के लिए उपयोग की गई निधि (लाख रु. में)	निर्मित व्यक्तिगत वर्कशेड की संख्या	प्रक्रियागत व्यक्तिगत वर्कशेड की संख्या
1	अलीगढ़	1	58	0.00	0.00	10	0
2	बागपत	1	134	0.75	0.00	16	0
3	बाराबंकी	1	100	0.50	0.50	20	0
4	बरेली	2	230	1.25	1.03	28	0
5	चंदौली	2	115	1.50	0.00	0	2
6	इटावा	1	54	0.75	0.00	13	0
7	गाजीपुर	1	116	0.50	0.00	8	0
8	झांसी	2	118	1.00	0.00	30	0
9	कानपुर	1	51	0.75	0.00	10	0
10	लखीमपुर खीरी	1	100	0.75	0.75	20	0
11	मिर्जापुर	2	193	1.50	0.00	0	3
12	मुरादाबाद	3	611	0.00	0.00	52	0
13	पीलीभीत	2	250	1.25	0.93	30	0
14	शामली	1	155	0.75	0.00	14	0
15	सीतापुर	9	1583	6.00	3.75	130	0
16	वाराणसी	4	281	4.75	2.16	3	9
कुल		**34**	**4149**	**22.00**	**9.12**	**384**	**14**

अनुबंध II

पिछले 3 वर्षों के दौरान टेक्सटाइल डिज़ाइनरों की भर्ती के लिए आमंत्रित आवेदनों की संख्या और उसका ब्यौरा					
स्वीकृति वर्ष	क्र. सं.	टेक्सटाइल डिज़ाइनरों के रिक्त पदों का ब्यौरा		प्राप्त आवेदनों की संख्या	सूचीबद्ध डिज़ाइनरों की संख्या
		जिले का नाम	रिक्त पदों की संख्या		
2022-23	1	मुरादाबाद	5	27	20
	2	आगरा	1		
	3	इटावा	1		
	4	झांसी	1		
		कुल	**8**	**27**	**20**
2023-24	5	मुरादाबाद	3	38	17
	6	मऊ	1		
	7	इटावा	1		
	8	झांसी	2		
	9	अलीगढ़	1		
	10	बरेली	1		
	11	बागपत	1		
	12	वाराणसी	1		
	13	गाजीपुर	1		
	14	लखीमपुर खीरी	1		
	15	सीतापुर	4		
	16	पीलीभीत	1		
	17	शामली	1		
		कुल	19	38	17
2024-25	18	मुरादाबाद	3	51	18
	19	झांसी	1		
	20	वाराणसी	1		
	21	सीतापुर	1		
	22	पीलीभीत	1		
		कुल	7	51	18

****